Publication	Dainik Bhaskar
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	04
Date	15th Dec 2019

दैनिक भास्कर

शहर के चर्चों में साफ-सफाई व लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है

शहर में क्रिसमस की तैयारी को लेकर सजे बाजार, जमकर हो रही खरीददारी

भास्कर न्यूज | गुड़गांव

गुड़गांव में क्रिसमस की तैयारियां शुरू हो गई हैं। कॉरपोरेट कार्यालय व होटलों में क्रिसमस ट्री लगाए जा रहे हैं। सजावट के सामान से सदर बाजार व सेक्टर की मार्किट में दुकानें सज गई हैं। शहर से लगते ग्रामीण क्षेत्र में भी काफी रौनक देखने को मिल रही है। ईसाई धर्म के लोगों के लिए क्रिसमस सबसे बड़ा त्योहार माना जाता है। ऐसे में लोग खरीददारी करते दिखाई दे रहे हैं। प्रभु यीशु के आगमन की तैयारी को लेकर चर्चों में साफ-सफाई व लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है। सदर बाजार में क्रिसमस ट्री, क्रिसमस पोस्टर, बॉल, क्रिसमस बेल तथा शांता क्लोज ड्रैस आदि सामान लोग खरीदते दिखाई दिए।

गुड़गांव. सदर बाजार में क्रिसमस की तैयारी को लेकर खरीददारी करते लोग।

स्कूलों व सेक्टरों, पॉश कॉलोनियों में भी की जा रही हैं तैयारियां:

क्रिसमस पर्व मनाने के लिए गुड़गांव के स्कूलों, सेक्टरों, पॉश कॉलोनियों में भी तैयारी जोरों पर चल रही है। डीएलएफ गार्डेन सिटी के सभी कंडोमेनियम में हर साल की तरह इस बार भी खास आयोजन किया जाएगा, जिसको लेकर हर आयु वर्ग के लोगों में उत्साह है और कार्यक्रम को लेकर बेसब्री देखी जा रही है। न्यू गुड़गांव डीएलएफ गार्डेन सिटी स्थित रीगल गार्डेन में 21 दिसंबर को, सेक्टर 90 स्थित न्यू टाउन हाइट्स में 22 दिसंबर को, द प्राइमस न्यू टाउन हाइट्स, स्काइकोर्ट सहित अनेक पॉश कॉलोनियों में 25 दिसंबर को आयोजन किया जाएगा। वहीं आईकेन इंटरनेशनल स्कूल, सेंट माईकल, लॉर्ड जिसिस, रेयान इंटरनेशनल स्कूल, सनसिटी स्कूल सहित काफी स्कूलों में मनाया जाएगा। सभी बच्चे दूसरे को क्रिसमस की बधाई के साथ नए साल 2020 की बधाइयां भी देंगे।

क्या कहते हैं दुकानदार

बेबी कलेक्शन प्वाइंट के दुकानदार रोहित, गिफ्ट गैलरी के दुकानदार अजय, मंगला पुस्तक भंडार के दुकानदार रामअवतार मंगला, गिफ्ट स्टोर के दुकानदार कौशल ने बताया कि बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने करने आ रहे हैं। खरीदारों को सामान खरीदते हुए देखकर ऐसा लग रहा है कि वे क्रिसमस पर सांता क्लॉज के स्वागत के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते, जमकर खरीदारी कर रहे हैं उन्होंने बताया कि बाजार में क्रिसमस-ट्री, पाइन-ट्री, डिजाइनिंग क्रिसमस-बेल्स, सांता क्लॉज ड्रेस, क्रिथ की मांग सबसे ज्यादा है।

इस रेट में मिल रहा है क्रिसमस की सजावट का सामान

- क्रिसमश टॉफी -35 रुपए
- रेडियर -100 रुपए
- बॉल- 50 रुपए से 250 रुपए तक
- बेल्स- 50 रुपए से 250 रुपए तक
- रिथ – 100 रुपए से 190 रुपए तक
- कैंडी स्टिक्स – 40 रुपए
- शांता क्लॉज मास्क – 10 रुपए से 50 रुपए
- शांता क्लॉज प्लास्टिक मास्क- 250 से 400 रुपए
- क्रिसमश ट्री – 200 रुपए से 2000 रुपए
- शांता क्लॉज ड्रैस – 250 रुपए से 700 रुपए
- डोर बेल – 350 रुपए स्टार ट्री – 40रुपए से 90 रुपए
- सैंटा क्रिथ – 1000 रुपए
- सैंटा स्टीफर – 360 रुपए
- पाम ट्री आठ फुट – 2500 रुपए
- सोनो ट्री – 200 रुपए से 3500 रुपए तक।